## सार-समाचार

### फसले खराबे का सर्वे की मांग

**आहोर**, (निसं)।आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित जयपुर में शुक्रवार को प्रदेश के कृषि मंत्री किरोडीलाल मीणा को पत्र देकर अवगत करवाया कि पिछले वर्ष 2023 के बिपरजॉय व अतिवृष्टि से विधानसभा क्षेत्र आहोर में किसानों की खरीफ फसल खराब हो गई थी।. किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत व बीमा कंपनी को पुरी प्रीमियम राशि भी जमा की गई थी और फिर फसल खराबें की सर्वे के बाद ग्राउड रिपोर्ट तैयार कर सरकार व कंपनी को भेजवाने के बाद किसानों के लिए उचित बीमा राशि स्वीकृत हो गई, जिसमें फसल बीमा कंपनी ने औपचारिता के तौर कुछ किसानों को क्लेम राशि दी। लेकिन बाकी किसानों को वंचित रखा गया, उसको लेकर जिला कलेक्टर ने फसल बीमा कंमनी को आदेशित किया गया था कि शीघ्र ही किसानों के खातों में क्लेम राशि प्रदान की जावें, उसके बाद भी बीमा कंपनी ने किसी प्रकार की मुआवजा राशि नही दी हैं ।इस विषय को लेकर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कृषि मंत्री मीणा से अनुरोध किया कि इस विषय को संज्ञान में लेकर अतिशीघ्र पिछले वर्ष 2023 के बिपरजॉय व अतिवृष्टि से हुए किसानों की स्वीकृत फसल क्लेम राशि दिलाने का आदेश करावें, जिससे पाडित किसानों को राहत मिल सकें। कृषि मंत्री मीणा ने आश्वस्त करते हुए कहा बहुत जल्द ही मुआवजे से वंचित किसानों को फसल बीमा क्लेम राशि प्रदान कर दी जावेंगी।

### जीवन में सकारात्मकता लाने की सीख दी

**जोधपुर**, (कासं)। सामाजिक एवं जीवनोपयोगी कार्य जो विद्यार्थी जीवन में सीख लिये जाने चाहिए,के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलदेवनगर जिला जोधपुर का पांच दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादन कार्य एवं समाज सेवा (एसयूपीडब्ल्यू) शिविर प्रधानाचार्य मज़ाहिर सुलतान ज़ई की अध्यक्षता में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर प्रभारी प्रियंका व्यास ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियों के संचालन के साथ योगा में प्रशिक्षित नवप्रिया व्यास के सांनिध्य में योगा की विभिन्न मुद्राओं और सूर्य नमस्कार के अभ्यास के साथ मानव जीवन में इसके महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं भारतीय प्रबन्धन संस्थान (आई आई एम) बंगलुरू की इंजीनियर खुशबू व्यास ने प्रबन्धन के क्षेत्र में कैरियर के साथ दैनिक जीवन में हर समय मैनेजमेन्ट की आवश्यकता की जानकारी दी। वहीं थॉमस कॉलेज आफ एज्यूकेशन की प्रधानाचार्य डॉ. अन्जना व्यास ने स्टेम सैल कार्यक्रम के तहत विज्ञान के अनेक प्रयोगों की क्रियात्मक वर्कशॉप भी ली। इस शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न वार्ताओं और उत्पादन के कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। समापन उप प्राचार्य क़ाज़ी खोजिस्ताह,प्राध्यापक दौलतराम, मोहम्मद फ़िरोज़, हनी सोलंकी,रामकन्या शर्मा व शुजाउद्दीन ने उद्बोधन दिया।

### 2-2 लाख की प्रतिकर राशि स्वीकृत

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट (दावा निपटान आयुक्त) डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने टक्कर मारकर भागने संबंधी मोटर यान दुर्घटना में 2 व्यक्तियों की मृत्यु होने पर उनके विधिक प्रतिनिधि को ''टक्कर मारकर भागना मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम-2022'' के तहत प्रतिकर के रूप में 2-2 लाख रूपयों की राशि स्वीकृति की है। जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट (दावा निपटान आयुक्त) डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि टक्कर मारकर भागने संबंधी मोटर यान दुर्घटना में भागलभीम रोड पर 12 नवम्बर, 2023 को निम्बावास निवासी खंगारसिंह पुत्र जबरसिंह की मृत्य होने पर मृतक की पत्नी श्रीमती सीता कंवर तथा कृष्णा हॉस्पिटल के सामने, मैन रोड़ आहोर पर 1 मई, 2023 को हीरागरवाड़ी (शिवंगज) निवासी रघुनाथपुरी पुत्र हुकमपुरी की मृत्यु होने पर मृतक की पत्नी श्रीमती रेखापुरी को केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत जारी अधिसूचना द्वारा ''टक्कर मारकर भागना मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम-2022'' के अंतर्गत 2-2 लाख रूपयों की राशि मंजूर की गई है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया

**रेवदर**, (निसं)। सिराही जिले में रेवदर उपखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्या को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम उप तहसीलदार मंडार को ज्ञापन देकर समस्या समाधान करने की मांग की। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने मंडार में मूंगफली का सरकारी खरीद केंद्र खोलने मूंगफली खरीद तुलाई में देरी करने किसानों के अनुदान की पेंडिंग फाइल का निस्तारण विद्युत निगम में जमा किए मांग पत्रों को डीपी जारी कर कनेक्शन जोडने सोरडा रोड मंडार वासोल मार्ग के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करना उपखंड क्षेत्र रेवदर के जमाबंदी का भूमि नक्शा को डिजिटलाज करना आदि विभिन्न समस्याओं को पूरा करने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस के हिमपाल सिंह देवल करसन पंचाल उत्तम भाई चौधरी ललित कुमार भाट प्रकाश कुमार चौधरी शांतिलाल मेघवाल परेश कुमार पंचाल अनीता दरबार सहित कई जने उपस्थित थे।

### केरू बिजलीघर से विद्युत उपकरण चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती केरू स्थित बिजलीघर से अज्ञात शख्स दो लाख से ज्यादा विद्युत उपकरण चोरी कर ले गए। इस बारे में अब कनिष्ठ अभियंता की तरफ से राजीव गांधी नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दी गई है। चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि केरू अरना झरना स्थित बिजलीघर के कनिष्ठ अभियंता ऋषभ तिवाड़ी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि बिजली घर में विद्युत उपकरण लगे हुए थे। 5 नवंबर को किसी शख्स द्वारा चोरी कर लिया गया है। उपकरणों की कीमत अनुमानित तौर पर 2 लाख 8 हजार 548 रूपए है। राजीव गांधी नगर थाने के हैडकांस्टेबल जगराम की तरफ से अब केस में पड़ताल की जा रही है। संदेह है कि उपकरण चोरी में किसी गिरोह का हाथ हो सकता है जोकि विद्युत उपकरणों को चुराता है। चोरों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

### पाली में अधिकारियों को पुरस्कृत किया

**पाली**, (नि.सं.)। जिला स्वास्थ्य समिति पाली की बैठक जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि पिछले दिनों राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) के तहत पुरस्कार हुए रानी ब्लॉक के खिंवाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, देसूरी ब्लॉक के सादड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा बाली ब्लॉक के चामुंडेरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का चयन हुआ। इन तीनों चिकित्सा संस्थानों को भारत सरकार द्वारा भेजे गए प्रमाण पत्र का वितरण जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के द्वारा किया गया। खिंवाड़ा पीएचसी का पुरस्कार रानी बीसीएमओ डॉ ओजस रावल ने प्राप्त किया। सादड़ी सीएचसी का पुरस्कार देसूरी बीसीएमओ डॉ राजेश राठौड़ तथा बाली के चामुंडेरी चिकित्सा संस्थान का पुरस्कार बाली बीसीएमओ डॉ हितेंद्र वागोरिया ने पुरस्कार प्राप्त किया।

### बाड़ में करंट से मवेशी की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती मथानिया स्थित रीणिया गांव में खेत की बाड़ में करंट लगने से एक मवेशी की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मवेशी मालिक ने जब खेत मालिक से इसकी शिकायत की तो खेत मालिक मारपीट पर उतारू हो गया और जाति अपमानित शब्दों का इस्तेमाल किया। पीड़ित ने मथानिया थाने में इस बाबत केस दर्ज करवाया है। मथानिया पुलिस ने बताया कि करवड़ के जुड़ हाल रिणिया में रहने वाले दिनेश की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि रिणिया में उसका खेत आया है। जहां पर पशु चराता है। पास में ही बाबूराम जाट का भी खेत आया है। उसने अपने खेत के चारों तरफ बाड़बंदी कर रखी है, मगर उसमें करंट भी प्रवाहित होता है। परिवादी दिनेश के अनुसार उसकी गाय को बाबूराम की खेत पर लगी बाड़बंदी या जाली से करंट लगा और उसकी मौत हो गई। इस बारे में जब उससे शिकायत की गई तो वह मारपीट पर उतारू हो गया और गलत शब्दों से अपमानित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज जोधपुर आएंगे

**जोधपुर**, (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को जोधपुर आएंगे। वे यहां नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल सांइस के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित कार्यक्रमानुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को सांय 4.35 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सांय 4.50 बजे जोधपुर एम्स जाएंगे तथा नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल सांइस के 64वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। वे सांय 6.10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे एवं सांय 6.20 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# हुनर पर आधारित रोजगार के लिए कृत संकल्पित हैं : गर्ग

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि स्वरोजगार एवं हुनर पर आधारित रोजगार के लिए केन्द्र व राज्य सरकार कृत संकल्पित है। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएँ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। इस प्रकार के शिविर के माध्यम से रूचि के अनुसार रोजगार का चयन कर युवा अपना करियर निर्माण करें।

राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक ने नर्मदा कॉलोनी स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में आयोजित रोजगार सहायता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना सहित राजस्थान अनुजा निगम द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने युवाओं को इस प्रकार के शिविर के माध्यम से विभिन्न सरकारी, निजी एवं स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़कर लाभ लेने की बात कही। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के कौशल विकास के साथ-साथ उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इस कड़ी में इस प्रकार के कैम्प के माध्यम से कंपनियों को



जालोर में रोजगार सहायता शिविर को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बुलाकर रोजगार मुहैया करवाया जा रहा हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती का माल्यार्पण कर रोजगार सहायता शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के कमिशन अधिकारी अम्बिका प्रसाद तिवारी ने करियर के विभिन्न आयाम, जिला उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महाप्रबंधक संग्राम राम देवासी ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं आरसेटी के अनुदेशक योगेश दवे ने आरसेटी द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उद्घाटन के पश्चात् मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग ने विभागों एवं कंपनियों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिला रोजगार अधिकारी ललित कुमार ने बताया कि शिविर में 475 युवाओं ने शिरकत कर मार्गदर्शन प्राप्त किया जिनमें से निजी क्षेत्र की कंपनियों जैसे माइक्रो फाइनेंस, चैकमेट, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, यश सोल्यूशन, रेडरोज सिक्युरिटी व चैतन्य इंडिया फाइनेंस इंडिया द्वारा विभिन्न पदों के लिए बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार लेकर शिविर में कुल 106 बेरोजगार आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभांवित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार, एलडीएम रमेश माली सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी, कंपनियों के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## सर गांव में 58 अश्वों ने प्रतियोगिता में भाग लिया

**जोधपुर**, (का.सं.)। हिज हाइनेस महाराजा हनवंत सिंह मेमोरियल राईड 40 किमी, सर - गांव जोधपुर में शुक्रवार 22 नवम्बर, 2024 को प्रातः 6 बजे अश्व दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह एन्डयोरेन्स राईड इक्विस्टेरियन फैडरेशन ऑफ इन्डिया के तत्वावधान में जोधपुर पोलो एण्ड इक्वीस्ट्रीयन इन्स्टीट्यूयुट व अखिल भारतीय मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी द्वारा आयोजित हुई। यह एन्डयोरेन्स राईड सर व भांडु सरहद से पुनः सर तक हुई।

मानद सचिव जोधपुर पोलो एण्ड इक्विस्टेरियन इन्स्टीट्यूट व अखिल भारतीय मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि यह प्रतियोगिता हम 2004, 2005, 2007, 2009, 2010 व 2012, 2023 में भी आयोजित कर चुके है। गत वर्षो की भाति इस वर्ष फिर से यह प्रतियोगिता संचालन करने का हमें गौरव प्राप्त हुआ है।

अठ्ठावन अश्वों ने एन्डयोरेन्स राईड में भाग लिया जिसमें से 48 ने क्वालिफाई किया।

संस्थाओ में हॉर्स राईडर नेट, जोधपुर पॉलो एण्ड एक्वेस्टेरियन क्लब इंस्टीट्ययूशन, जोधपुर, 61 केवेलरी, सागर एक्वेस्टेरियन एकेडमी, छत्तीसगढ्ढ एक्वेस्टेरियन एकेडमी, टोरियन एक्वेस्टेरियन सेंटर, झारखंड सहित अन्य अश्वों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में बलरामपुर प्रोफेशनल सर्विसेज प्रा. लि., लखनऊ के एम. डी. महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह का सहयोग रहा।

## गाड़ी खड़ी करने की बात पर युवती से मारपीट

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के अंदरूनी क्षेत्र में घर के आगे गाड़ी खड़ी करने की बात पर गुरूवार की शाम को विवाद हो गया। एक युवती से किसी शख्स द्वारा मारपीट की गई जिससे युवती जख्मी हो गई।

सदर कोतवाली पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में गुरूवार की शाम को पड़ौसियों में गाड़ी खड़ी करने की बात लेकर विवाद हुआ था।

तब एक व्यक्ति ने सामने रहने वाली युवती से मारपीट कर डाली। युवती की तरफ से नंदकिशोर नाम के शख्स के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। गौरतलब है कि मामले में कल एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें एक शख्स युवती और उसके परिजन से उलझ रहा है और युवती के बाल पकड़ कर मारपीट कर रहा था। उसके कमर पर चोट के निशान भी लगे है। साथ ही कपड़े भी अव्यवस्थित होने के साथ फट गए थे।

## अहमदाबाद की कंपनी से कार को बुक करवाकर जोधपुर में लूटा

**जोधपुर**, (कासं)। अहमदाबाद की एक टूर एवं ट्रेवल एजेंसी से जोधपुर में कार शादी में जाने के लिए बुक करवाई गई। 12 नवंबर की बुकिंग की कार को अहमदाबाद से कर्मचारी लेकर पहुंचा। यहां जोधपुर में इस कार को तीन चार लोगों ने षड्यंत्रपूर्वक लूट लिया।

गुरूवार को इस बारे में पुलिस में रिपोर्ट दी गई। पुलिस अब अग्रिम पड़ताल में जुटी है। लुटेरे पाली जिले के बताए जाते है।

डांगियावास पुलिस थाने में अहमदाबाद के अर्बन मेट्रोबिटी प्राइवेट लिमिटेड के कार्मिक सौरभ गुप्ता की तरफ से यह मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि पाली जिले के प्रवीणसिंह, युवराज आदि ने मिलकर एक कार को 12 नवंबर को शादी के लिए बुक करवाया गया था। इस पर वह खुद कार लेकर अहमदाबाद से जोधपुर के लिए निकला था। जोधपुर में टेलीफोनिक कार की बुकिंग करवाई थी। वह कार लेकर 13 नवंबर को जोधपुर पहुंचा था। यहां डांगियावास के रशीदा गांव में उसकी कार को प्रवीण

- अहमदाबाद की टूर एवं ट्रेवल एजेंसी से जोधपुर में कार शादी में जाने के लिए 12 नवंबर की बुकिंग की कार को जोधपुर में लूटा

सिंह, युवराज सिंह, रवि भादू, राकेश विश्नोई आदि ने मिलकर लूट लिया और फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद वह अहमदाबाद चला गया और 20 नवंबर को वह वापस जोधपुर आया और कार लूट की जानकारी दी। जांच अधिकारी हरसुखराम ने बताया कि मामले में तफ्तीश की जा रही है। यह कार 12 से 17 नवंबर के लिए बुकिंग की गई थी। चालक भी संभवतः साथ था, मगर कार लूटे जाने को लेकर परिवादी के बयान से ही स्पष्ट हो पाएगा। घटना रशीदा- बासनी निकूबा गांव की बताई गई है। फिलहाल मामले में गहनता से तफ्तीश की जा रही है।

## वीर वीरमदेव का पैनोरमा व शैक्षणिक वातावरण बनाने पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में शुक्रवार को महाविद्यालय विकास समिति की बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे उपस्थित उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्ज्वल ने की।

बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने महाविद्यालय परिसर में वीर वीरमदेव के पैनोरमा को बनवाने के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को उच्चता प्रदान करने के लिए हर सम्भव सहयोग देने के लिए तत्परता के साथ सहयोग करने की बात कही। राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य संदीप जोशी ने महाविद्यालय में कौशल विकास के लिए स्थानीय उद्योगों यथा-खेसला उद्योग, जूती उद्योग के संबंध में कार्यशाला महाविद्यालय में लगाने जाने सहित आवश्यक सुझाव दिए। महाविद्यालय विकास समिति के सचिव विमल कुमार खत्री ने पूर्व की



जालोर के वीर वीरमेदव राजकीय महाविद्यालय में विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक के प्रस्ताव के अनुसार किये गये कार्यो का अनुमोदन के लिए वाचन किया तथा महाविद्यालय विकास समिति के सदस्यों के समक्ष कार्यसूची को प्रस्तुत किया। प्राचार्य अर्जुनसिंह उज्ज्वल ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि आगामी माह में नैक टीम की विजिट प्रस्तावित है जिसके लिए किये गये एवं किये जाने वाले कार्यो की चर्चा की गई, जिनका महाविद्यालय विकास समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

बैठक में राज्य सरकार से मनोनित सदस्य संदीप जोशी, गणपतलाल सोलंकी, भामाशाह सेठ भैरूमल, शिक्षाविद् बाबूलाल कुम्हार, दीपसिंह धनानी, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया सहित विद्यार्थी अभिभावक आनन्द सिंह, कन्हैयालाल भांड, संकाय सदस्य एवं मनोनित विद्यार्थी अरविन्द उपस्थित रहे।

## महिला समाधान समिति के कार्यों पर चर्चा की

**पाली**, (नि.सं.)। जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला स्तरीय महिला समाधान समिति के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति द्वारा जिले के छः महिला सलाह एवं सुरक्षा केन्द्रों के संचालन व प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा व समीक्षा की गई। बैठक में राजकीय बांगड़ अस्पताल में संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर के प्रबंधक देवी बामनिया ने त्रैमासिक रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की। साथ ही जिला कलैक्टर द्वारा राखी सेन्टर संबंधी पोस्टर विमोचन किया गया। जिला कलैक्टर मंत्री ने जिले के सभी दस व दस से अधिक कर्मचारियों वाले कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समिति के गठन की समीक्षा की, जिसमें जहाँ पर समिति का गठन होना शेष है वहां शीघ्र ही समिति गतन का निर्देश दिया। पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह ने महिला अशिष्ट रूपेण अधिनियम 1986 एवं डायन प्रताडना अधिनियम

- महिला सलाह एवं सुरक्षा केन्द्रों के संचालन व प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा की

2015 के संदर्भ में जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में जिला कलैक्टर ने महिलाओं की सुरक्षा के साथ साथ उनके लिए स्वरोजगार पर भी प्रयास करने को कहा, साथ ही उपनिदेशक महिला अधिकारिता को पुलिस विभाग से पोक्सो एक्ट की रिपोर्ट प्राप्त कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् मुकेश चौधरी, श्रम विभाग से श्रम आयुक्त आसकरण मालवीय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली से उपनिदेशक जे.पी.अरोड़ा, राजकीय बांगड़ अस्पताल से डॉ. नारायनी, अधिवक्ता प्रियंका जोशी, अधिवक्ता खंगार राम पटेल व मनोनित सदस्य जॉली गुप्ता ने भाग लिया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता भागीरथ ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## किसानों का महापड़ाव जारी, रैली निकाली

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान संघ के बैनर तले जवाई बांध के पानी पर हक तय करने की मांग को लेकर महापड़ाव शुक्रवार को भी जारी रहा। महापडाव स्थल पर शुक्रवार को काफी संख्या में किसान नजर आये। महापड़ाव स्थल से विभिन्न मांर्गो से रैली निकाली गई।

जालोर में जवाई बांध के पानी पर जालोर के लिए एक तिहाई हक तय किया जाये तथा किसानों की फसली बीमा भुगतान करने की मांग को लेकर कलैक्ट्रेट के समक्ष किसानो का महापडाव जारी है।

दोपहर में किसानों ने रैली निकाली। रैली कलेक्ट्रेट से रवाना होकर सूरजपोल, गांधी चौक, तिलकद्वार, हरिदेव जोशी सर्किल व वन वे रोड होती हुई पुन महापड़ाव स्थल पर पहुंची। रैली में किसानों के हाथ में झण्डे लिये जालोर मांग जवाई बांध का पानी का नारे लगा रहे थे। रैली में कई किसानों ने पानी की मांग को लेकर नंगे पैर चल कर सरकार का विरोध किया। किसानों पर व्यापारियों, टैक्सी चालकों व अन्य शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह बालावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौपकर बताया कि भारतीय किसान संघ के बैनर तले जालोर जिला मुख्यालय पर किसानों का जवाई नदी में जवाई बांध से निर्धारित मात्रा में पानी छोड़ने के हक को लेकर 19 नवम्बर से अनवरत महापडाव चल रहा है।

ज्ञापन में बताया कि जवाई बांध का निर्माण तत्कालीन महाराज उम्मेदसिंह जी जोधपुर द्वारा जोधपुर शहर की जलापूति के लिए किया गया था।

बांध के निर्माण से पूर्व जवाई नदी बहाव क्षेत्र पर स्थित गांवों यथा विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर, आहोर, जालोर, भीनमाल व सांचोर क्षेत्र में कुओं का जलस्तर बहुत उंचा था, लेकिन जवाई बांध के निर्माण के बाद

- जालोर में भारतीय किसान संघ के बैनर तले जवाई बांध के पानी पर हक तय करने की मांग को लेकर महापड़ाव
- पानी की मांग को लेकर नंगे पैर चल कर सरकार का विरोध किया


70 वर्षो में केवल 8 बार जवाई बांध के गेट मजबूरीवश अतिवृष्टि के कारण खोलने पड़े, जिस कारण उक्त विधानसभा क्षेत्र के गांवों में बाढ कि स्थितियां के लिए एक निश्चित मात्रा में पानी नही छोडने के कारण पिछले 50 वर्षो में भू-जल स्तर नीचे जाने से अत्यंत विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। पिछले 5 विधानसभा चुनावों से उक्त विधानसभा क्षेत्रों मे उक्त मुद्धे के कारण किसानों व आमजन का भाजपा को समर्थन रहा है। इसी क्रम में विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान जालोर विधानसभा क्षैत्र की सायला ग्राम में आयोजित आम सभा में गृहमंत्री अमित शाह ने जवाई नदी को पुर्नजीवित करने की घोषणा की थी तथा द्वारा भी लोकसभा चुनाव 2024 में उक्त घोषणा की पुनरावृति की गई थी। इसी क्रम में आप राज्य की जल नीति-2010 को संशोधित करवाते हुए जिस तरह से प्रत्येक बांध परियोजना में पेयजल एवं सिंचाई के लिए बांध के जल का हिस्सा पूर्व निर्धारित रहता है, उसी प्रत्येक ऐसी परियोजना में जल का एक निर्धारित हिस्सा उस नदी जिस पर वह बांध बना हो के अनुप्रवाह में नियमित रूप से छोडे जाने का प्रावधान करते हुए हमारे जवाई बांध के जल का न्यूनतम 25 प्रतिशत हिस्सा जवाई नदी में समय-समय पर छोड़ने का निर्णय लिया जाये।

## तनाव व अवसाद से बचाव करने पर आधारित पोस्टर का विमोचन

**जोधपुर**, (कासं)। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षार्थियों में उत्पन्न तनाव व अवसाद की समस्या को दूर करने के लिए स्थापित उत्कर्ष क्लासेस के मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग का विशेष पोस्टर का विमोचन किया।

इस अवसर पर उत्कर्ष के संस्थापक डॉ. निर्मल गहलोत सहित मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग के अध्यक्ष एवं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ए.के. मलिक तथा प्रमुख परामर्शदाता एवं मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉ. हेमलता पंचारिया उपस्थित रहे। गौरतलब है कि गत वर्ष प्रशासन की ओर से सभी कोचिंग एवं शैक्षिणक संस्थानों में मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग की अनिवार्यता लागू करने के बाद उत्कर्ष क्लासेस द्वारा सर्वप्रथम पहल की गई और संबंधित विभाग की स्थापना की गई थी।

डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि कई बार माता-पिता की बच्चों से अत्यधिक अपेक्षाओं और सपनों को पूरा करने की चिंता विद्यार्थियों में मानसिक




जोधपुर में उत्कर्ष क्लासेस के मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग का विशेष पोस्टर का विमोचन किया।

अवसाद का कारण बन जाती है जो न केवल उनकी सफलता बल्कि भावी जीवन में भी बाधा बनती है और कभी-कभी उन्हें घातक कदम उठाने पर मजबूर करती हैं।

उत्कर्ष के मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग में विख्यात मनोवैज्ञानिकों की सेवाएं विद्यार्थियों ही नहीं अपितु शिक्षकों व स्टाफ सदस्यों के लिए भी उपलब्ध हैं। ये नए पोस्टर संस्था के सभी ऑफ़लाइन सेंटर्स एवं कॉर्पोरेट ऑफिस में लगाए जाएंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर विद्यार्थी, शिक्षक या कार्मिक सदस्य परामर्श के लिए विभाग से संपर्क कर सकें।

विभाग में परामर्श से जुड़ी समस्या व व्यक्तिगत पहचान को पूर्णतया गोपनीय रखा जाता है।